रेल मंत्रालय

भारतीय रेलवे कोविड की चुनौतियों के बावजूद कोविड पूर्व समय की तुलना में अब 65 प्रतिशत मेल एक्सप्रेस ट्रेनें चला रही है

कोविड पूर्व समय के दौरान चल रही 1768 मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में वर्तमान में प्रतिदिन 1138 मेल / एक्सप्रेस और त्यौहार के मौकों पर चलने वाली ट्रेनें चल रही हैं

भारतीय रेलवे की प्रतिदिन कुल 4807 उपनगरीय ट्रेन सेवाएं भी चल रही हैं

जनवरी माह में मेल/एक्सप्रेस की 115 जोड़ीट्रेनों को मंजूरी दी गई

देश भर के सभी महत्वपूर्ण स्थान इन ट्रेनों से जुड़े हुए हैं

कोविड चुनौतियों के बावजूद ट्रेनें चलाई जा रही हैं

कुछ और ट्रेनें चलाने की आवश्यकता की निरंतर समीक्षा की जा रही है

प्रविष्टि तिथि: 25 JAN 2021 6:07PM by PIB Delhi

भारतीय रेलवे कोविड की चुनौतियों के बावजूद रेलवे के विभिन्न मंडलों में प्रति दिन त्यौहार पर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अबकुल 1138 मेल / एक्सप्रेस ट्रेनें चला रही है। देश भर के सभी महत्वपूर्ण स्थान इन विशेष ट्रेनों से जुड़े हुए हैं। कुछ और ट्रेनों को चलाने की आवश्यकता की लगातार समीक्षा की जा रही है।

कोविड पूर्व समय में, भारतीय रेलवे प्रति दिन औसतन 1768 मेल / एक्सप्रेस ट्रेनें चला रही थी।

उल्लेखनीय है कि जनवरी 2021 के महीने में मेल / एक्सप्रेस की कुल 115 जोड़ी ट्रेनों को अब तक मंजूरी दी गई है।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान में भारतीय रेलवे विभिन्न मंडलों में प्रतिदिन कुल 4807 उपनगरीय ट्रेन सेवाएँ चला रही है। कोविड पूर्व अवधि में, औसतन 5881 उपनगरीय ट्रेन सेवाएं चल रही थीं।

इसके अलावा भारतीय रेलवे में कुल 196 यात्री ट्रेन सेवाएं भी चालू हैं। कोविड पूर्व समय में देश भर में औसतन 3634 यात्री ट्रेन सेवाएं चालू थीं।

*****

एमजी/एएम/केपी

(रिलीज़ आईडी: 1692342) आगंतुक पटल : 2

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Tamil